This question paper contains 5 printed pages.

8116 आपका अनुक्रमांक ____________

B.El.Ed. **AS**

Paper : O–3·2

HINDI – II

समय : 3 घण्टे पूर्णांक : 70

(इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।)

सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. दिए गए अंश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) बूझत स्याम कौन तू गोरी।
कहाँ रहति, काकी है बेटी, देखो नाहिं कबहूँ ब्रज खोरी।
काहे कौं हम ब्रज-तन आवतिं, खेलति रहतिं आपनी पौरी।
सुनन रहतिं स्त्रवननि नंद-ढोटा करत फिरत माखन-दधि-चोरी॥
तुम्हरौ कहा चोरि हम लैहैं, खेलन चलो संग मिलि जोरी।
सूरदास प्रभु रसिक सिरोमनि, बातनि भुरइ राधिका भोरी॥

(i) यह पद किस कवि का है? इस पद में किनके बीच के वार्तालाप का वर्णन हुआ है? 2

(ii) इस पद के हवाले से उक्त कवि की किन्हीं दो सामान्य विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 3

(iii) इस पद का सरलार्थ अपने शब्दों में लिखिए। 3

अथवा

नहिं परागु, नहिं मधुर मधु, नहिं विकासु इहिं काल।
अली, कली ही सौं बँध्यौ, आगैं कौन हवाल॥

P. T. O.

(*i*) इस दोहे के रचयिता का नामोल्लेख करते हुए स्पष्ट कीजिए कि इसे अन्योक्ति अलंकार का उदाहरण क्यों माना गया है। 4

(*ii*) 'अली, कली' में कौन-सा शब्दालंकार है? इस उदाहरण के हवाले से स्पष्ट कीजिए कि उक्त अलंकार को शब्दालंकार की श्रेणी में रखने का कारण क्या है। 4

(ख) पेट पीठ दोनों मिल कर हैं एक,
चल रहा लकुटिया टेक,
मुट्ठी-भर दाने को— भूख मिटाने को,
मुँह फटी पुरानी झोली का फैलाता—
दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता।

(*i*) इन पंक्तियों का संदर्भ एवं प्रसंग बताइए। 3

(*ii*) इन पंक्तियों में किस तरह का बिम्ब निर्मित हो रहा है? समझकर लिखिए। 3

(*iii*) किस बात के पछतावे की ओर कवि का संकेत है? 2

अथवा

इस पार, प्रिये मधु है तुम हो
उस पार न जाने क्या होगा
यह चाँद उदित होकर नभ में
कुछ ताप मिटाता जीवन का,
लहरा-लहरा यह शाखाएँ
कुछ शोक भुला देतीं मन का,
कल मुर्झाने वाली कलियाँ,
हँसकर कहती हैं मगन रहो,
बुलबुल तरु की फुनगी पर से
संदेश सुनाती यौवन का,

तुम देकर मदिरा के प्याले
मेरा मन बहला देती हो
उस पार मुझे बहलाने का
उपचार न जाने क्या होगा।

(*i*) ये किस कवि की पंक्तियाँ हैं? 2

(*ii*) 'इस पार' और 'उस पार' से कवि का क्या आशय है? 2

(*iii*) क्या यह कहना ठीक होगा कि इन पंक्तियों में एक जीवन-दर्शन व्यक्त हुआ है? यदि हाँ, तो उसे स्पष्ट कीजिए। 4

2. तुलसीदास की भक्ति-भावना पर संक्षिप्त निबंध लिखिए।

अथवा

बिहारी के दोहों के आधार पर उनकी बहुज्ञता को स्पष्ट कीजिए। 7

3. मैथिलीशरण गुप्त **अथवा** सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की काव्यकला पर संक्षिप्त निबंध लिखिए।

अथवा

सुमित्रानंदन पंत के प्रकृति-चित्रण पर विचार कीजिए। 7

4. किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(*i*) निर्गुण काव्यधारा के नाम में प्रयुक्त 'निर्गुण' पद का आशय स्पष्ट करते हुए बताइए कि वह संत कवियों एवं सूफ़ी कवियों पर कैसे घटित होता है।

(*ii*) सकारण स्पष्ट कीजिए कि उत्तर मध्यकाल के लिए रीतिकाल नाम अधिक उपयुक्त है या शृंगारकाल।

(*iii*) आधुनिक काल को गद्यकाल क्यों कहा गया है?

(*iv*) नयी कहानी आंदोलन से आप क्या समझते हैं? इसके किन्हीं पाँच कहानीकारों का नामोल्लेख कीजिए।

(*v*) प्रगतिवादी कविता की दो प्रमुख विशेषताएँ बताइए। 5+5+5

5. किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

(*i*) *'मैला आँचल'* को एक आंचलिक उपन्यास कहने के औचित्य पर विचार कीजिए।

(*ii*) *'मैला आँचल'* में कितनी तरह की राजनीतिक धाराओं की चर्चा है? पात्रों के नामोल्लेख के साथ स्पष्ट कीजिए।

(*iii*) *'मैला आँचल'* के आंचलिक शब्द भंडार में से किन्हीं दो शब्दों का उल्लेख कर उनके प्रयोग के औचित्य-अनौचित्य पर विचार कीजिए।

(*iv*) बालदेव और कालीचरण के चरित्र के मुख्य अंतरों पर विचार कीजिए। 5+5

6. (क) किसी एक का परिचय दीजिए :

(*i*) स्थायी भाव

(*ii*) करुण रस

(*iii*) विभाव। 5

(ख) किन्हीं दो का लक्षण-उदाहरण सहित परिचय दीजिए :

(*i*) अनुप्रास

(*ii*) श्लेष

(*iii*) उत्प्रेक्षा

(*iv*) विभावना । 5

(ग) किन्हीं दो का लक्षण-उदाहरण सहित परिचय दीजिए :

(*i*) सोरठा

(*ii*) चौपाई

(*iii*) सवैया

(*iv*) मंदाक्रांता । 5